भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी सप्ताह का आयोजन

हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 18 से 29 सितम्बर 2014 के मध्य हिन्दी सप्ताह समारोह आयोजित किया गया। आज दिनांक 29 सितम्बर 2014 को भा.वा.अ.शि.प. के सभागार में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अश्विनी कुमार, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. ने कहा कि यद्यपि यह हिन्दी सप्ताह का समापन समारोह है परंतु हमारे सरकारी काम–काज में हिन्दी के प्रयोग का समापन नहीं है। उन्होने कहा कि भा.वा.अ.शि.प. एक वैज्ञानिक संस्था है जिसमें बहुत से वानिकी से संबंधित शब्दावली केवल अंग्रेजी में है, अतः वानिकी की विभिन्न तकनीकी शब्दावली के लिए हिन्दी ग्लोसरी की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि हिन्दी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है व हिन्दी केवल राजभाषा ही नहीं है, बल्कि यह विभिन्न भाषा–भाषी व्यक्तियों के मध्य सम्पर्क भाषा भी है। उन्होने राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में अभिवृद्धि के लिए और अधिक प्रयासों के लिए आह्वान किया।

श्री शैवाल दासगुप्ता, उप महानिदेशक (विस्तार) ने राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यद्यपि हिन्दी सप्ताह इत्यादि का आयोजन करना राजभाषा नियमों और आदेशों के अंतर्गत अपेक्षित है, तथापि यह केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं है। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए कटिबद्ध है तथा इसके लिए वह विभिन्न प्रकार के हिन्दी से संबंधित कार्यक्रम जैसे हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आदि आयोजित करती रहती है।

स्वागत भाषण के उपरांत हिन्दी दिवस 2014 के अवसर पर दिए गए माननीय गृह मंत्री जी के भाषण को श्री रमाकान्त मिश्र, अनुसंधान अधिकारी, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग द्वारा पढ़ा गया। तदुपरांत स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान 5 विभिन्न प्रतियोगिताओं नामतः निबन्ध प्रतियोगिता, टिप्पण लेखन प्रतियोगिता, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता, कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता तथा स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी कुमार, महानिदेशक के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। समारोह का समापन श्रीमती नीना खाण्डेकर, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समापन समारोह में लगभग 100 अधिकारी/वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिसका संचालन श्री रमाकान्त मिश्र, अनुसंधान अधिकारी, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग द्वारा किया गया।

हिन्दी सप्ताह समारोह 2014 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा उसके विजेताओं का विवरण निम्नलिखित है :

दिनांक 18 सितम्बर 2014 में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्रीमती कला नैथानी, प्रशासन निदेशालय – प्रथम पुरस्कार
2. सुश्री भावना सिंह, अनुसंधान निदेशालय – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री राजेश चंद शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – तृतीय पुरस्कार
4. सुश्री अंशु गर्ग, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 19 सितम्बर 2014 में आयोजित टिप्पण लेखन प्रतियोगिता में कुल 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री छत्रपालसिंह सैनी, सहायक, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय – प्रथम पुरस्कार
2. श्री राजेश चंद शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री विजय भूषण जखमोला, सहायक, सचिव कार्यालय – तृतीय पुरस्कार
4. श्री अरविंद कुमार, जैवविविधता एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 22 सितम्बर 2014 में आयोजित अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता में कुल 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री संजीव खुगशाल, सहायक, सचिव कार्यालय – प्रथम पुरस्कार
2. श्री छत्रपालसिंह सैनी, सहायक, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री राजेश चंद शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – तृतीय पुरस्कार
4. श्री शिव शंकर मित्तल, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 23 सितम्बर 2014 में आयोजित कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में कुल 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री मनीष कुमार, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – प्रथम पुरस्कार
2. सुश्री अंशु गर्ग, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – द्वितीय पुरस्कार
3. श्रीमती मोनिका गढ़िया, प्रशासन निदेशालय – तृतीय पुरस्कार
4. सुश्री अंजिपा, पंचायत एवं मानव आयाम प्रभाग – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 29 सितम्बर 2014 में आयोजित स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में कुल 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्रीमती विजय धस्माना, प्रशासन निदेशालय – प्रथम पुरस्कार
2. श्री राकेश कुमार वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री संजीव खुगशाल, सहायक, सचिव कार्यालय – तृतीय पुरस्कार
4. श्री एच.सी. नैलवाल, निजी सचिव, निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) – सांत्वना पुरस्कार